आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 20.06.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब विकसित भारत के मजबूत स्तंभ है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने अण्डमान निकोबार प्रशासन में सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उभरते हुए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने की आवश्यकता पर बल दिया है।
- सांसद विष्णु पद रे ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने पश्चिम बंगाल राज्य के स्थापना दिवस पर द्वीपो में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।
- मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम बाईस जून को शाम चार बजे चाथम जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब विकसित भारत के मजबूत स्तंभ है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त जारी करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण पर की है।

पोर्ट ब्लेयर में केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपों के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। उपस्थिति का स्वागत करते हुए क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने संस्थान और कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से स्थानीय कृषकों के लाभ के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने अण्डमान निकोबार प्रशासन में सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उभरते हुए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने की आवश्यकता पर बल दिया है, ताकि सरकारी प्रक्रियाओं का सही तरीके से उपयोग किया जा सके। वे कल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, जेनरेटिव एआई और डेटा एनालिटिक्स तथा सरकारी प्रक्रियाओं में इसके अप्लीकेशन पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एल. कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रशासन सभी अधिकारियों और इसके क्रियान्वयन से जुड़े टीम को विभिन्न प्रौद्योगिकी की जानकारी देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, ताकि दैनिक कार्यों में इसका इस्तेमाल किया जा सके। उन्होने कहा कि तीन दिवसीय कार्यशाला से करीब ढाई सौ अधिकारियों और कर्मचारियों को काम करने और समझने में आसानी होगी। कार्यशाला का आयोजन अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने कल राज निवास में उप राज्यपाल से भेंट की। मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

आकाशवाणी दिल्ली आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमु की एक पूर्व रिकार्ड साक्षात्कार का प्रसारण करेगा। पूर्व केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की ओर से आयोजित इस साक्षात्कार का प्रसारण आज आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर केन्द्र से सुबह आठ बजकर पैतालिस मिनट पर किया जाएगा।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने पश्चिम बंगाल राज्य के स्थापना दिवस पर द्वीपो में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की अद्वितीय सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध लोक परंपराएं और बंगाली साहित्य, संगीत और खेल में उल्लेखनीय योगदान इसे वास्तव में विशिष्ट बनाता है। पश्चिम बंगाल रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे दिग्गजों का

पालन–पोषण करने वाली भूमि रही है। उप राज्यपाल ने कहा कि एकता, समावेशिता और विविधता के मूल्यों को दर्शाते हुए, हम एक उज्जवल और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण की दिशा में सामूहिक रूप से काम करते हुए द्वीप समूह में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों की खुशी और समृद्धि की ओर निरंतर कदम बढ़ाने की कामना करता हूं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल सोशल मीडिया पर शशांकासन का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो साझा किया। योग दिवस कल मनाया जाएगा। वीडियो में आसन के स्वास्थ्य लाभों का वर्णन किया गया है और इसे करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताया गया है कि शशांकासन कब्ज, पीठ दर्द से राहत और तनाव तथा क्रोध को कम करने में मदद करता है। उच्च रक्तचाप और गठिया से पीड़ित रोगियों को इस आसन को करते समय सावधानी बरतने या इसे न करने की सलाह दी गयी है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकल सेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। कल विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार शीघ्र निदान को बढ़ावा देने, उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने और रोगियों की देखभाल बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम बाईस जून को शाम चार बजे चाथम जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने के बाद जलयान पोर्ट ब्लेयर के लिए रवाना हो जाएगा। जलयान मे माल चढ़ाने का कार्य आज से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की आई सी डी एस शहरी परियोजना के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में मानदेय के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के पद के लिए

चुने गए उम्मीदवारों के साथ प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों की चयनित सूची अट्टम पहाड़ स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों से चौबीस जून तक नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को कहा गया है। उम्मीदवारों को एक जुलाई से तीन जुलाई तक सी डी पी ओ के कार्यालय में मूल प्रमाणपत्र के साथ ड्यूटी रिपोर्ट करना होगा।

उधर, बाल विकास परियोजना अधिकारी की कार निकोबार आदिवासी परियोजना के लिए जिला मिशन समन्वयक, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लिंग विशेषज्ञ, लेखा सहायक और एम टी एस के विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन और साक्षात्कार लिया जाएगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। और जानकारियां प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सत्ताईस जून तक आवेदन करना होगा। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार की तिथि और समय के बारे में उनके आवेदन में अंकित पते पर फोन या मेल के जरिए दे दी जाएगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उदघाटन किया–कहा नालंदा भारत की शैक्षणिक विरासत और जीवन्त सांस्कृतिक आदान प्रदान का प्रतीक है– द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त जारी करने और क्यारी में इस दौरान कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रमुखता दी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के सिलसिले में इक्कीस जून को द्वीपसमूह के छियालिस प्रमुख स्थलों पर योगाभ्यास किया जाएगा, अण्डमान क्रोनिकल की खबर है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा डिगलीपुर के प्रशासनिक ब्लॉक में ई–कॉर्नर का उदघाटन करने के समाचार को इंफो इंडिया ने, जबकि मानसून के देश के अन्य भागों में पहुंचने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्नों में जगह दी है।

<><><><><><><>